13th
Dec 2025

# BALCO TODAY

SIGHTS, INSIGHTS & HEIGHTS

## Specialized Domestic Enquiry Training at BALCO



# CHAIRMAN CORNER



**Anil Agarwal** @AnilAgarwal_V... · 20h

I warmly congratulate Prime Minister Narendra Modi and Oil Minister Hardeep Puri for notifying the landmark reforms to India's oil and gas regulatory framework. This is a truly historic development. The world has long recognized India's vast untapped hydrocarbon potential, and these new rules finally create the environment needed to unlock it.

India produces some of the most affordable oil and gas globally. These reforms will directly benefit consumers—especially the poorest—by enabling greater domestic production and reducing dependence on imports. Equally important, this policy opens the sector to entrepreneurs, innovators, and even start-ups. For the first time, university students and young professionals will be able to participate in exploration with minimal investment.

This is the kind of bold, inclusive policy that transformed the United States from a major importer into an energy-surplus nation. Nearly 20,000 companies and individuals contributed

This is the kind of bold, inclusive policy that transformed the United States from a major importer into an energy-surplus nation. Nearly 20,000 companies and individuals contributed to that revolution, supported by a facilitative ecosystem. India is now poised to follow a similar path.

I never imagined I would witness such a reform in my lifetime. Our energy security is both our greatest challenge and our greatest opportunity. With these changes, I am confident that India can produce at least 50% of its energy domestically.

@narendramodi @HardeepSPuri
@PetroleumMin

## MR. ANIL AGARWAL
**Chairman, Vedanta Group**

BALCO hosted a specialised Domestic Enquiry Training Programme for over 40 business partners, reinforcing its commitment to procedural fairness and strong employee relations. Facilitated by Mr. Vijay Kumar Chandra, Head – Industrial Relations, the session translated complex legal principles into practical, real-life insights on conducting fair domestic enquiries. With a strong focus on natural justice, unbiased decision-making, and statutory-aligned procedures, the training deepened understanding through engaging discussions and case studies, reaffirming that a domestic enquiry is not just a process, but a promise of fairness, integrity, and trust across the organisation.
























vedanta
Vision
To be a world class
Integrated
Aluminium and
Power producer
vedanta
VEDANTA
CORE VALUES

# श्रमवीर समर्पण और सफलता की कहानी

भाग - 3

## सुनील कुमार नामदेव

सफलता किसी एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि यह निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का परिणाम होती है। बालको में ऐसे कई कर्मचारी हैं जिन्होंने सीमित संसाधनों से शुरुआत कर अपने समर्पण से नई पहचान बनाई है। उन्हीं में से एक हैं...









सुनील, वर्ष 2006 में बालको के कास्ट हाउस विभाग से अपने करियर की शुरुआत की और वर्ष 2011 से वे पॉटलाइन विभाग में पीटीएम ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं। उनकी यात्रा यह सिखाती है कि ईमानदारी, मेहनत, सुरक्षा के प्रति सजगता और सीखने की ललक से सफलता पाई जा सकती है।

### मेहनत और समर्पण से मिली पहचान

अपने कार्य के प्रति ईमानदारी, अनुशासन और जिम्मेदार व्यवहार के चलते सुनिल को अब तक कई बार 'उत्कृष्ट उत्पादन पुरस्कार' और 'एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ' जैसे सम्मान मिल चुके हैं। ये उपलब्धियाँ उनकी निरंतर मेहनत और बेहतर प्रदर्शन की सशक्त पहचान हैं।

### सुरक्षा ने बदली जीवनशैली

बालको में आने के बाद उनके जीवन का सबसे बड़ा बदलाव सुरक्षा के प्रति सोच में आया। वे बताते हैं कि पहले वे हेलमेट नहीं पहनते थे, लेकिन अब घर से बाहर निकलते समय भी हेलमेट लगाना नहीं भूलते। टेक्निकल सेफ्टी, फायर सेफ्टी, फर्स्ट एड और आपातकालीन प्रशिक्षण ने उनकी आदतों को पूरी तरह से बदल दिया।

### ट्रेनिंग से मिला आगे बढ़ने का मौका

कंपनी द्वारा समय-समय पर दी गई ट्रेनिंग ने उनके सपनों को पंख दिए। उन्होंने टैपिंग, क्रेन ऑपरेशन और पीटीएम मशीन संचालन जैसी तकनीकी दक्षताएँ हासिल कीं। वे कहते हैं कि जो कभी उनका सपना था, वह आज बालको की बदौलत साकार हो चुका है।

### तकनीक, टीमवर्क और सुरक्षित कार्यसंस्कृति

समय के साथ बालको में तकनीकी बदलाव कार्यप्रणाली को अधिक आधुनिक, सुरक्षित और प्रभावी बना रहे हैं। जहाँ पहले उपस्थिति रजिस्टर से दर्ज होती थी, फिर फिंगर और कार्ड स्वाइप सिस्टम आया और अब फेस पंचिंग सिस्टम लागू हो चुका है। उसी तरह पॉटलाइन में हुई विभिन्न तकनीकी प्रगति के कारण काम पहले से अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और समयबद्ध हो गया है। कार्यस्थल पर सीनियर-जूनियर के बीच सहयोग, मार्गदर्शन और सम्मान का वातावरण उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है।

### टाउनशिप का सकारात्मक माहौल

बालको टाउनशिप को वे "प्रकृति की गोद में बसा सुरक्षित और सुकून भरा घर" बताते हैं। हरियाली, चौड़ी होती सड़कें, पार्क, बच्चों के खेल मैदान, स्कूल, अस्पताल और दैनिक जरूरतों की सभी सुविधाएँ इसे एक आदर्श जीवन-परिसर बनाती हैं। बेहतर रखरखाव व्यवस्था के कारण समस्याओं का समाधान समय पर होता है, जिससे परिवार को सुरक्षित वातावरण मिलता है।

### सुरक्षा पर उनका संदेश


"बालको में सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि हमारी कार्य-संस्कृति है। हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह खुद भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखे। असुरक्षित कार्य को 'ना' कहना ही सबसे बड़ी समझदारी है। हेलमेट, सेफ्टी गियर और सभी सुरक्षा निर्देशों का पालन न केवल ड्यूटी पर, बल्कि घर और समाज में भी करना चाहिए।"

### आत्मनिर्भरता से प्रेरणा तक


सुनील गर्व से कहते हैं कि बालको में नौकरी मिलने से उनके जीवन को नई दिशा मिली। आज उनके पास खुद का घर और कार है तथा वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पा रहे हैं। बालको ने उन्हें केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि सम्मान, आत्मविश्वास और सुरक्षित भविष्य भी दिया है। उनकी कहानी इस बात की प्रेरक मिसाल है कि यदि इंसान में सीखने की इच्छा, अनुशासन और सुरक्षा के प्रति सजगता हो, तो साधारण शुरुआत भी असाधारण सफलता में बदल सकती है। बालको ने उन्हें एक बेहतर कर्मचारी के साथ-साथ एक जिम्मेदार और आत्मविश्वासी नागरिक भी बनाया है।

# Safety Advisory

Latch in Crane Hooks



**Prevent slings from slipping.**
**स्लिंग्स को फिसलने से रोकें**



**Ensure latch in crane hook.**
**क्रेन हुक में लैच, सुनिश्चित करें**



# #KhabreKhas

13th Dec 2025

## 528 बालको कर्मियों को उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान

भास्कर न्यूज़ | बालकोनगर

बालको की विभिन्न इकाइयों ने वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में उत्कृष्ट उत्पादन प्रदर्शन से कंपनी की उपलब्धि में अहम योगदान दिया है। इस पर 528 बालको कर्मियों को उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान दिया गया है। कार्बन यूनिट से 151, पॉटलाइन-1 से 115, पॉटलाइन-2 से 171 और रोल्ड प्रोडक्ट्स (आरपी) से 91 कर्मचारियों व साझेदारों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है।




बालको कर्मचारियों के सम्मान के दौरान परिजन साथ रहे।

बालको कंपनी प्रबंधन ने पॉटलाइन-1 के 115 कर्मचारियों को उत्पादन लक्ष्य, प्रचालन अनुशासन और समन्वयपूर्ण कार्यशैली में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। नेतृत्व टीम ने पॉटलाइन-1 ने प्रदर्शन मानकों को सशक्त बनाने के प्रयास को सराहा। पॉटलाइन-2 से सर्वाधिक 171 कर्मचारियों के सम्मानित होने पर अनुशासित कार्यप्रणाली, उच्च उत्पादन क्षमता और बेहतर समन्वय को बताया गया है। नेतृत्व टीम के अधिकारियों ने कहा कि कार्बन यूनिट के 151 सदस्यों को उत्पादन, गुणवत्ता और संचालन में निरंतर अनुशासन बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया है। इनके प्रयास से प्रचालन दक्षता को मजबूती मिली और उत्पादन प्रदर्शन में सुधार आया। इसी तरह रोल्ड प्रोडक्ट्स यूनिट से 91 कर्मचारियों को उत्पादन, गुणवत्ता और प्रचालन दक्षता के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मान किया गया।

## बालको में उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान से 528 कर्मचारी सम्मानित

नईदुनिया न्यूज, कोरबा : वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शानदार उत्पादन प्रदर्शन और अनुशासन, उत्पादकता और टीमवर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में कुल 528 बालको कर्मचारियों एवं व्यावसायिक साझेदारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्बन यूनिट से 151, पाटलाइन-वन से 115, पाटलाइन-टू से 171 तथा रोल्ड प्रोडक्ट्स (आरपी) से 91 कर्मचारियों एवं साझेदारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान बालको की विभिन्न इकाइयों ने उत्कृष्ट उत्पादन प्रदर्शन कर संगठन की उपलब्धियों में उल्लेखनीय योगदान दिया। पाटलाइन-वन के 115 कर्मचारियों को उत्पादन लक्ष्य, प्रचालन अनुशासन और समन्वयपूर्ण कार्यशैली में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नेतृत्व टीम ने उनके सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पाटलाइन-1 ने प्रदर्शन मानकों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं पाटलाइन-टू से सर्वाधिक 171 कर्मचारियों को गौरवान्वित किया गया, जो उनकी अनुशासित कार्यप्रणाली, उच्च उत्पादन क्षमता और बेहतर समन्वय का स्पष्ट प्रमाण है। इसके साथ ही कार्बन यूनिट के 151 सदस्यों को उत्पादन, गुणवत्ता और संचालन में निरंतर अनुशासन बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया, जिनके प्रयासों से प्रचालन दक्षता को मजबूती मिली और उत्पादन प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। इसी तरह रोल्ड प्रोडक्ट्स यूनिट से 91 कर्मचारियों को उत्पादन, गुणवत्ता और प्रचालन दक्षता के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मान से नवाजा गया। यह आयोजन बालको की सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और विश्वस्तरीय उत्पादन संस्कृति को दर्शाता है। किसी भी संगठन की असली ताकत कर्मचारी ही होते हैं।



सम्मान प्राप्त करने वाले कर्मी अपने स्वजन के साथ• नईदुनिया

उत्कृष्ट उत्पादन उपलब्धियां केवल तकनीक का परिणाम नहीं होतीं, बल्कि इसके पीछे कर्मठ कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, समर्पण और टीम भावना होती है। उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान समारोह का उद्देश्य ऐसे ही समर्पित प्रयासों को पहचान देना और कर्मचारियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

दैनिक भास्कर

नईदुनिया

#KhabreKhas

13th Dec 2025

# बालको में उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान समारोह में 528 कर्मचारी सम्मानित




कर्मचारियों का सम्मान करते बालको के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शानदार उत्पादन प्रदर्शन और अनुशासन, उत्पादकता और टीमवर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान' समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में कुल 528 बालको कर्मचारियों एवं व्यवसायिक साझेदारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस उपलब्धि में विभिन्न यूनिट्स की अहम भूमिका रही। कार्बन यूनिट से 151, पॉटलाइन-1 से 115, पॉटलाइन-2 से 171 तथा रोल्ड प्रोडक्ट्स (आरपी) से 91 कर्मचारियों एवं साझेदारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान बालको की विभिन्न इकाइयों ने उत्कृष्ट उत्पादन प्रदर्शन कर संगठन की उपलब्धियों में उल्लेखनीय योगदान दिया। पॉटलाइन-1 के 115 कर्मचारियों को उत्पादन लक्ष्य, प्रचालन अनुशासन और समन्वयपूर्ण कार्यशैली में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नेतृत्व टीम ने उनके सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पॉटलाइन-1 ने प्रदर्शन मानकों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं पॉटलाइन-2 से सर्वाधिक 171 कर्मचारियों को गौरवान्वित किया गया, जो उनकी अनुशासित कार्यप्रणाली, उच्च उत्पादन क्षमता और बेहतर समन्वय का स्पष्ट प्रमाण है। इसके साथ ही कार्बन यूनिट के 151 सदस्यों को उत्पादन, गुणवत्ता और संचालन में निरंतर अनुशासन बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया, जिनके प्रयासों से प्रचालन दक्षता को मजबूती मिली और उत्पादन प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। इसी तरह रोल्ड प्रोडक्ट्स यूनिट से 91 कर्मचारियों को उत्पादन, गुणवत्ता और प्रचालन दक्षता के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मान से नवाज़ा गया।

# बालको अस्पताल में शिविर... 220 से अधिक रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

भास्कर न्यूज़ | बालकोनगर



रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देते हुए।

बालको कंपनी ने अपने अस्पताल में जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 220 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। कंपनी के शिविर में बालको कर्मचारियों, व्यवसायिक साझेदारों, उनके परिजन और समुदाय के लोगों की सहभागिता रही।

शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया, सिकल सेल डिजीज, कैंसर, सड़क दुर्घटनाओं, मातृत्व संबंधी जटिलताओं और हीमोफीलिया जैसे रक्त स्राव जनित रोगों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। स्वैच्छिक रक्तदान और नियमित रक्तदान से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी। रक्त यूनिट्स का पूर्ण चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोरबा के ब्लड बैंक में सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जाएगा, जिसे जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क उपलब्ध कराएंगे।

बालको कंपनी के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि समुदाय को जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता में है। कंपनी का मानना है कि स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि ही प्रगति की नींव हैं। ऐसे प्रयास उद्योग और समाज के साझा दायित्व को मजबूत बनाते हैं। इस शिविर में लोगों की भागीदारी आपातकालीन स्थितियों में कंपनी की तैयारी को बढ़ाते हैं और जिले के जरूरतमंद मरीजों की मदद में महत्वपूर्ण साबित होते हैं। जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम कोरबा के नोडल अधिकारी डॉ. रविकांत सिंह राठौर ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान आपातकालीन स्थितियों और दीर्घकालिक उपचार के लिए पर्याप्त रक्त भंडार बनाए रखने में जरूरी है।

हरिभूमि

दैनिक भास्कर

# MEDIA CORNER

**Bharat Aluminium Company Limited**

Through initiatives such as the Automatic Wireless Weather System (AWWS), BALCO's Mor Jal Mor Maati project supports local #farmers with timely #weather intelligence, enabling climate-smart crop planning and informed #agricultural decision-making. These efforts aim to strengthen #sustainable #livelihoods for over 8,000 farmers across 40 villages.

Here is a glimpse into the journey of one such beneficiary.

Vedanta Group
Vedanta Limited - Aluminium Business
BAIF Development Research Foundation

#BALCO #Vedanta #TransformingCommunities #TransformingForGood




Click here to Watch the Video

Like Comment Share



BALCO TODAY
SIGHTS, INSIGHTS & HEIGHTS


# MEDIA CORNER

**Bharat Aluminium Company Limited**

#BALCO strengthened emergency preparedness by conducting a large-scale mock drill in collaboration with seven mutual-aid partner industries, simulating a real-time emergency scenario. The exercise tested coordinated response mechanisms across firefighting, medical, rescue, security and incident management teams, reinforcing operational readiness and collective response capabilities.

Vedanta Limited - Aluminium Business

#Vedanta #TransformingTheWorkplace #TransformingForGood




[Click here to check the post]

Like Comment Share



BALCO TODAY
SIGHTS, INSIGHTS & HEIGHTS

# Team BALCO Today

Conveys Heartiest Greetings To

## Saturday, 13th Dec 2025

| | |
|---|---|
| Ajay Kumar Choubey | Pot Room |
| Purnima Kumari | Commissioning |

## Sunday, 14th Dec 2025

| | |
|---|---|
| Keshaw Kumar Kurrey | GAP |
| Dushyant Jaiswal | QA & Tech |
| Ruchi Patel | Finance |
| Harsh Vardhan Dubey | Cast House |
| Sasmita Bhoi | QA & Tech |

## Monday, 15th Dec 2025

| | |
|---|---|
| Heera Rajans Lal | Logistics |
| Sandeep Patel | Down Stream |
| Vineet Patel | Pot Room |
| Yuvarajan | Power |

HAPPY

Birthday

TO YOU!



BALCO TODAY
SIGHTS, INSIGHTS & HEIGHTS

# Idea Theme for Dec'25 - Innovation




Share your ideas through Idea@Balco mobile app
**https://ideaapp.balco.in:3835/**
Use tag # Inv# before mentioning the ideas

## INNOVATION PROCESS STEPS









**INNOVATION IS THE ONLY WAY TO WIN**





got an idea → Login in !dea@Balco →

## R & R CATEGORY

1. Best Idea of the month
2. Max. Idea Generator
3. Quick 5 Ideas

# BALCO CENTRALIZED

## Security Operation Center



### INCIDENT
Theft, Threat, Vandalism, Fraud
Malpractice, Wild Animal Attack

### ISSUES
Traffic Jam, Card Not Working
Lack of Support at Entry Gates

### VIOLATIONS
Unsafe Act, Unsafe Conditions
Traffic

### SUSPICIOUS MOVEMENT
Person Behaving/Acting in
Suspicious Manner

### YOUR ABSENCE AT HOME
Away on Holidays for Few
Days

We Are Manned 24x7 & Available At:

**9179083488, 7759252655**

**BALCO.SOC@Vedanta.co.in**

Sec_rity is incomplete Without "U"

# BALCO CENTRALIZED

## Security Operation Center



### INCIDENT
Theft, Threat, Vandalism, Fraud
Malpractice, Wild Animal Attack

### ISSUES
Traffic Jam, Card Not Working
Lack of Support at Entry Gates

### VIOLATIONS
Unsafe Act, Unsafe Conditions
Traffic

### SUSPICIOUS MOVEMENT
Person Behaving/Acting in
Suspicious Manner

### YOUR ABSENCE AT HOME
Away on Holidays for Few
Days

We Are Manned 24x7 & Available At:

**9179083488, 7759252655**

**BALCO.SOC@Vedanta.co.in**

Sec_rity is incomplete Without "U"